Seat No. : _______________

# JG-127 (H)

**January-2021**

## B.Com., Sem.-III

## CC-203 : Taxation

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**सूचना :** (1) **Section-I** में सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
(2) **Section-I** में किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए ।
(3) **Section-II** अनिवार्य हैं ।

### Section – I

1. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए : **20**

(1) प्रत्यक्ष करों के लाभ और हानियों पर टिप्पणी लिखिए ।

(2) "व्यक्ति"की परिभाषा दीजिए । "व्यक्तियों का संघ" (AOP) और "व्यक्तियों का निकाय" (BOD) को दृष्टान्त सहित समझाइए ।

(3) "कर आयोजन और कर अपवंचन" में अन्तर दीजिए ।

(4) "सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टेक्सेस" (CBDT) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

2. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए : (कोई **2**) **20**

(1) कर्मचारियों की आय की सूची दीजिए जो आयकर से पूर्णतः करमुक्त है ।

(2) स्रोत पर कर कटौती (TDS) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(3) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : स्थायी खाता संख्या (PAN)

(4) श्री डेविड (विदेशी नागरिक) विदेश में नियोजित है । परन्तु कम्पनी के काम से बारम्बार भारत आते रहते हैं । विवरण नीचे दिए अनुसार हैं –

| विगत वर्ष | भारत में रहने के दिनों की संख्या |
|---|---|
| 2014 – 2015 | 369 |
| 2015 – 2016 | 264 |
| 2016 – 2017 | 260 |
| 2017 – 2018 | 365 |
| 2018 – 2019 | 40 |
| 2019 – 2020 | 71 |

उपरोक्त जानकारी से कर-निर्धारण वर्ष 2020 – 2021 के लिए उनके रहवासी स्थिति का निर्धारण कीजिए ।

3. श्री शुभम गांधीनगर की प्राइवेट कम्पनी में कार्य करते हैं । नीचे दिए विवरणों से कर–निर्धारण वर्ष 2020-2021 के लिए उनकी वेतन से कर–योग्य आय ज्ञात कीजिए : **20**

(1) मूल वेतन मासिक ₹ 50,000

(2) महँगाई भत्ता – मूल वेतन का 50%

(3) वाहन भत्ता ₹ 2,000 प्रति माह

(4) तीन बच्चों के लिए शिक्षण भत्ता (वार्षिक) ₹ 9,000

(5) बोनस (वार्षिक) ₹ 40,000

(6) सिटी कम्पन्सेटरी भत्ता प्रति माह ₹ 1,500

(7) उन्हें कम्पनी ने 1.8 CC वाली कार प्रदान की है । कार का निजी एवं ऑफिस कार्य दोनों के लिए प्रयोग होता है । रखरखाव और चालक का वेतन कम्पनी द्वारा चुकाया जाता है ।

(8) वह मान्य प्रोविडन्ट फण्ड में 14% अंशदान करते हैं । उनका नियोक्ता भी इसी दर से P.F. में अंशदान करता है ।

(9) मान्य प्रोविडन्ट फण्ड वार्षिक 12% की दर से जमा ब्याज ₹ 10,080 है ।

(10) उन्हें उनके नियोक्ता द्वारा गांधीनगर में एक मकान दिया गया है, जिसमें ₹ 2,00,000 का फर्नीचर लगा है । कम्पनी इन सुविधाओं के लिए उनके वेतन से ₹ 1,500 प्रति माह की कटौती करती है । गांधीनगर की जनसंख्या 12 लाख है ।

(11) शुभम व्यवसाय कर के ₹ 2,400 चुकाता है ।

4. प्रेक्षा के पास चार मकान हैं । जिनका विवरण निम्नानुसार हैं : **20**

| विवरण | मकान – 1<br>₹ | मकान – 2<br>₹ | मकान – 3<br>₹ | मकान – 4<br>₹ |
|---|---|---|---|---|
| (1) मकान का उपयोग | स्वयं के रहने के लिए | आवास के लिए किराया | व्यवसाय के लिए किराया | स्वयं के व्यवसाय के लिए |
| (2) म्यूनिसिपल मूल्य | 1,96,000 | 2,00,000 | 2,20,000 | 1,00,000 |
| (3) मानक किराया | – | 1,80,000 | 2,00,000 | 1,20,000 |
| (4) प्राप्य किराया (मासिक) | – | 12,000 | 10,000 | – |
| (5) उचित किराया | 1,90,000 | 1,70,000 | 2,10,000 | 1,25,000 |
| (6) म्यूनिसिपल कर | 5% | 10% | 5% | 10% |
| (7) निर्माण के लिए ऋण पर ब्याज | 20,000 | 22,000 | 25,000 | – |
| (8) निर्माण अवधि के दौरान चुकाया ब्याज (पूँजीकृत) | 15,000 | 15,000 | 10,000 | – |
| (9) अवसूल किराया | – | 4,000 | – | – |
| (10) मकान खाली रहने की अवधि | – | 1 माह | – | – |
| (11) निर्माण पूर्ण होने का वर्ष | 2016-'17 | 2017-'18 | 2015-'16 | 2017-'18 |

प्रेक्षा की कर–निर्धारण वर्ष 2020-2021 के लिए मकान सम्पत्ति से कर–योग्य आय की गणना कीजिए ।

## Section – II

5. निम्न प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर दिए गए हैं । सही उत्तर का चयन कीजिए । (कोई **पाँच**) **10**

(1) निम्न में से कौन आयकर अधिनियम के अधीन आयकर अधिकरण नहीं है ?

(a) केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (b) आयकर अपीलीय अधिकरण

(c) आयकर निरीक्षक (d) आयकर अधिकारी

(2) आयकर रिफण्ड पर प्राप्य ब्याज की दर है –

(a) 9% (b) 12%

(c) 10% (d) 6%

(3) मयूरी दो मकानों की मालिक है । प्रत्येक का वार्षिक किराया ₹ 25,000 है । निर्माण 2016 से पहले पूर्ण हुआ था । दोनों मकानों के लिए स्थानीय कर ₹ 20,000 चुकाया "मकान सम्पत्ति से आय" शीर्षक के अधीन उसकी कर–योग्य आय कितनी होगी ?

(a) ₹ 30,000 (b) ₹ 21,000

(c) ₹ 15,000 (d) ₹ 10,500

(4) अमित ₹ 15,000 वेतन और ₹ 5,000 DA प्रति माह प्राप्त करता है । नियोक्ता उसकी आय पर आयकर के ₹ 30,000 भी लौटाता है । कर–निर्धारण वर्ष 2020-2021 के लिए उसका ग्रोस वेतन कितना होगा ?

(a) ₹ 2,70,000 (b) ₹ 2,40,000

(c) ₹ 2,10,000 (d) ₹ 3,00,000

(5) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर प्राप्त प्रतिकर की स्थिति में कर–मुक्ति की अधिकतम रकम कितनी है ?

(a) ₹ 2,40,000 (b) ₹ 3,00,000

(c) ₹ 5,00,000 (d) ₹ 10,00,000

(6) संसद सदस्य द्वारा प्राप्त "दैनिक भत्ता" की कर पात्रता का सही नियम क्या है ?

(a) आय नहीं मानी जाएगी ।

(b) पूर्ण कर–योग्य मानी जाएगी ।

(c) पूर्ण कर–मुक्त मानी जाएगी ।

(d) केवल दर उद्देश्य के लिए कुल आय में शामिल होती है ।

(7) व्यक्ति की परिभाषा के सन्दर्भ में "अहमदाबाद म्यूनिसिपल कार्पोरेशन" क्या है ?

(a) व्यक्तियों का संघ (b) स्थानिक आधिकरण

(c) कम्पनी (d) व्यक्तियों का निकाय

(8) हेल्थ एण्ड एज्यूकेशन सेस का प्रतिशत कितना है ?

(a) 2% (b) 3%

(c) 4% (d) 5%

(9) निम्न में से कौन सी करमुक्त आय है ?

(a) ज्वैलरी के विक्रय से पूँजी लाभ

(b) व्यवसाय से लाभ

(c) वेतन

(d) कृषि आय

(10) सेटलमेन्ट कमिशन की मुख्य बेंच कहाँ है ?

(a) दिल्ली (b) मुम्बई

(c) कोलकत्ता (d) चेन्नई